SAMAGRA SHIKSHA, KERALA

द्वितीय कालांत योगात्मक आकलन 2025-2026

# SUMMATIVE ASSESSMENT II

**1009**

**A**

## Third Language

## HINDI

Time : 90 Minutes

Cool off time : 15 Minutes

Standard : X

Score : 40

---

**सूचना : 'दिल्ली में उनींदे' संस्मरण का यह अंश पढ़ें और 1 से 3 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

> ऑटो के ड्राइविंग आईने में, जिसमें उसकी आँखें और भी धँसी दिखेंगी और चेहरे की हड्डियाँ और भी उभरीं। उसके चेहरे पर भूख और बीमारी के अलावा एक और चीज़ भी दिखेगी। अभी मुझे उसका नाम नहीं मालूम।

1. सही प्रस्ताव चुन लें। 1

    (क) ड्राइवर राजा राम मुंबई में ऑटो चला रहा है।

    (ख) ड्राइवर राजा राम दिल्ली में ऑटो चला रहा है।

    (ग) ड्राइवर राजा राम कानपुर में ऑटो चला रहा है।

    (घ )ड्राइवर राजा राम उन्नाव में ऑटो चला रहा है।

2. कोष्ठक के शब्दों की मदद से वाक्य-विस्तार करें। 3

    ( चेहरा, ड्राइवर का, आईने में )

    लेखिका देखती है।

    ..........................................

    ..........................................................

    ..................................................................................

3. संकेतों की सहायता से राजा राम की चरित्रगत विशेषताओं पर **टिप्पणी** लिखें। 4

    - भूख और बीमारी से कमज़ोर
    - गरीबी से परेशान
    - बुनियादी सुविधाओं से वंचित
    - दूसरों की मदद करने में तत्पर

    **अथवा**

    मान लें, आप राजा राम का साक्षात्कार लेने जा रहे हैं। साक्षात्कार के लिए **प्रश्नावली** तैयार करें। (कम से कम पाँच प्रश्न हों)

**सूचना : 'पैदल चलता हुआ आदमी' कविता की ये पंक्तियाँ पढ़ें और प्रश्न 4 और 5 के उत्तर लिखें।**

कार में बैठे हुए बड़े लोग उसे
हिकारत से देखते हैं,
जैसे वह किसी दूसरी दुनिया से
आया हुआ आदमी हो।

4. विशेषण शब्द चुनकर लिखें। 1

(क) आदमी (ख) दूसरी

(ग) दुनिया (घ) हिकारत

5. पैदल चलते हुए आदमी के बारे में कार में बैठने वालों के विचार क्या हैं ? 2

**सूचना : 'गैलीलियो' लेख का यह अंश पढ़ें, प्रश्न 6 और 7 के उत्तर लिखें।**

इसपर पिता नाराज़ होने के बजाय खुश हुए और कहा, "मैं तुमसे यही सुनना चाहता था और इस भावना को हमेशा बनाए रखना। तभी तुम सच्चे वैज्ञानिक बन पाओगे।" गैलीलियो ने पिता की बात को हमेशा याद रखा।

6. गैलीलियो की बातें सुनकर पिता ने क्या जवाब दिया? 2

7. गैलीलियो की बातें सुनकर पिता खुश हुए। पिता की उस दिन की **डायरी** कल्पना से लिखें। 4

**अथवा**

गैलीलियो के वैज्ञानिक बनने की इच्छा से पिता भी सहमत हो गए। गैलीलियो की उस दिन की संभावित **डायरी** लिखें।

**सूचना : 'व्हाइट कैप' कहानी का यह अंश पढ़ें और 8 से 10 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

"अंकल,केशव कैसा है ?" "आंटी, डॉक्टर क्या बोले ? जल्दी ठीक तो हो जाएगा ना?" सारे लड़के चारों तरफ से ऑटो को घेरकर खड़े थे और लेटे हुए केशव को देखते हुए उसके माता-पिता से पूछ रहे थे।

8. (क) **'उसके'** में निहित सर्वनाम कौन-सा है ? 2

(ख) नमूने के अनुसार लिखें।

| **लड़के केशव को देखते हैं।** | **लड़के केशव को देखते थे।** |
|---|---|
| लड़कियाँ फूल तोड़ती हैं। | - - - - - - - - - - - - । |

9. केशव को क्यों डॉक्टर के पास ले गए? 2

10. कहानी के इस अंश के आधार पर **पटकथा** का एक दृश्य लिखें। 4

**सूचना : 'एक तिनका' कविता की ये पंक्तियाँ पढ़ें और 11 से 13 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

मैं झिझक उठा, हुआ बेचैन-सा,
लाल होकर आँख भी दुखने लगी।
मूँठ देने लोग कपड़े की लगे,
ऐंठ बेचारी दबे पाँवों भगी।

11. 'ऐंठ' का समानार्थी शब्द कौन-सा है? 1

(क) घृणा (ख) खुशी

(ग) गर्व (घ) प्यार

12. ऐंठ को यहाँ बेचारी क्यों कहा गया है ? 2

13. कवि और कविता का परिचय देते हुए कवितांश का **आशय** लिखें। 4

**अथवा**

इस कवितांश पर विश्लेषणात्मक **टिप्पणी** लिखें।

**सूचना : तुलसीदास का दोहा पढ़ें, प्रश्न 14 और 15 के उत्तर लिखें।**

सचिव वैद्य गुरु तीनि जौं, प्रिय बोलहिं भय आस।
राज धर्म तन तीनि कर, होइ बेगिहीं नास ॥

14. नीचे दिए प्रस्ताव पढ़ें और सही विकल्प चुनकर लिखें। 1

i. सच्चाई छिपाकर चापलूसी करने से सर्वनाश होता है।

ii. अपनी बातों से औरों को सताना अनिवार्य है।

iii. सभी उपदेश सच्चे और हितकारी होने हैं।

iv. औरों को प्रिय लगने वाली बातें ही बतानी हैं।

(क) i और ii सही हैं (ख) ii और iii सही हैं

(ग) ii और iv सही हैं (घ) i और iii सही हैं

15. नमूने के अनुसार तालिका की पूर्ति करें। 2

| आस | आशा |
|---|---|
| नास | ...................... |
| तन | ...................... |

**सूचनाः नीचे दिए खंड पढ़ें, प्रश्न 16 और 17 के उत्तर लिखें।**

हर साल 10 दिसंबर को विश्व मानवाधिकार दिवस मनाया जाता है। इसी दिन 1948 में संयुक्त राष्ट्र संघ ने मानवाधिकारों की घोषणा की थी। यह दिन मनुष्यों के जन्मसिद्ध अधिकारों पर आधारित है। इसका मुख्य उद्देश्य लोगों को उनके अधिकारों के बारे में बताना है। इससे न्याय और शांति सुनिश्चित होती है। यह दिवस भेदभाव और अत्याचार को समाप्त करने की प्रेरणा देता है। मानवाधिकारों की रक्षा करना हर व्यक्ति का काम है।

(मानवाधिकार - മനുഷ്യാവകാശം, **Human Rights**)

16. इस गद्यांश के लिए उचित शीर्षक लिखें। 1

17. मान लें, 10 दिसंबर 2025 को आपके स्कूल में 'हर मानव का समान अधिकार है' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया है। इसके लिए **पोस्टर** तैयार करें। 4

■